उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
14-अशोकमार्ग, शक्ति भवन, लखनऊ
U.P. POWER CORPORATION LIMITED
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)

संख्या-I/17000/2025-पें0एण्डआर0-28/पाकालि/2025 दिनांकः 09-07-2025

प्रबन्ध निदेशक,
पूर्वान्चल/मध्यांचल/दक्षिणांचल/पश्चिमांचल,
विद्युत वितरण निगम लि0,वाराणसी/लखनऊ/आगरा/मेरठ,
एवं केस्को-कानपुर।
(md@puvvnl.in/md@mvvnl.org/md@dvvnl.org/
md@pvvnl.org/mdkesco@kesco.org.in

**अतिमहत्त्वपूर्ण**
**शीर्ष प्राथमिकता**

**विषयः सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों के देयों का भुगतान उनकी सेवानिवृत्ति की तिथि पर किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदया /महोदय ,

कृपया उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कारपोरेशन के पत्र संख्या-227-पें0एवंआर0-28/पाकालि/24-60-पी/98-टी0सी0-2018, दिनांक 13.02.2024 (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से कारपोरेशन के पत्रांक-1178-पें0एवंआर0-28/पाकालि/19-60-पी/98, दिनांक 17.10.2019 में वर्णित पेंशन निस्तारण/सेवा-नैवृतिक देयों के भुगतान के शीघ्र निस्तारण हेतु चरणबद्ध कार्यवाही कराये जाने सम्बन्धी व्यवस्थाओं/दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का अनुरोध किया गया था ताकि सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों के सेवानिवृत्तिक देयों का भुगतान उनकी सेवानिवृत्ति तिथि पर किये जाने हेतु अध्यक्ष, उ0प्र0पा0का0लि0, महोदय के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित हो सके।

इसी सम्बन्ध में अध्यक्ष, उ0प्र0पा0का0लि0, महोदय द्वारा दिनांक 30.06.2025 को उ0प्र0 पावर कारपोरेशन एवं लखनऊ स्थित पावर कारपोरेशन/पारेषण निगम के कार्यालयों से सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों को पेंशन वितरण के दौरान निर्देशित किया गया है कि सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों के सेवानिवृत्तिक देयों का भुगतान उनकी सेवानिवृत्ति तिथि पर ही किया जाए। अतः उक्त निर्देशों के आलोक में आपसे अनुरोध है कि प्रत्येक कार्मिक के देयों का भुगतान उनके सेवानिवृत्त की तिथि पर कराने तथा ततसम्बन्धी आख्या से कारपोरेशन को अवगत कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें, ताकि सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों के देयों का भुगतान उनके सेवानिवृत्ति की तिथि पर किये जाने सम्बन्धी अध्यक्ष, उ0प्र0पा0का0लि0, महोदय के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित हो सके।

कृपया उपरोक्त निर्देशों का अनुपालन अनिवार्य है।

भवदीय,
(डॉ0 जॉन मथाई)
<u>निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0)</u>

संख्या:I/17000/2025पे०एवं आर0.28/पाकालि०/25/तद्दिनांक #ApprovedDate

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निदेशक (का०प्र० एवं प्रशा०), 1पूर्वान्चल/मध्यांचल/दक्षिणांचल/पश्चिमांचल, विद्युत वितरण निगम लि०, वाराणसी/लखनऊ/आगरा/मेरठ, एवं केस्को-कानपुर।
2. निदेशक (पारेषण), उ०प्र० पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि०, शक्ति भवन, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (हाइडिल), उ०प्र०पा०का०लि०, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
4. समस्त मुख्य अभियन्ता, उ०प्र०पा०का०लि०, शक्ति भवन/शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ ।
5. अध्यक्ष, विद्युत सेवा आयोग, एस०एल०डी०सी० परिसर, विभूति खण्ड, गोमती नगर , लखनऊ।
6. महानिदेशक, (मा०सं० एवं विकास), वि०प्रशि०सं०, सरोजनी नगर, लखनऊ।
7. अपर सचिव (प्रथम/द्वितीय/तृतीय), उ०प्र०पा०का०लि०, शक्ति भवन, लखनऊ।
8. संयुक्त सचिव (अ०प्र०-01/अ०प्र०-02/सचि०प्रशा०), उ०प्र०पा०का०लि०, शक्ति भवन, लखनऊ।
9. उप महाप्रबन्धक (लेखा प्रशासन), उ०प्र०पा०का०लि०, शक्ति भवन लखनऊ।
10. अधिसाशी अभियन्ता (वेब) उ०प्र०पा०का०लि०, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
11. अनुसचिव (काविनी एवं विनियम)/ KM Manager (email-uskaviniviniyam @uppcl.org),उ०प्र०पा०का०लि०, शक्ति भवन, लखनऊ ।

आज्ञा से

(राज कपूर )

अनु सचिव (पेंशन )